एम्स में "स्त्री वरदान: चुप्पी तोड़ो, नारीत्व से नाता जोड़ो" अभियान की नींव रखी

संजीवनी टुडे 01-11-2020 16:49:13

कोटक 811
तुरंत कोटक 811 खाता खोले।

संस्थान के रिकंस्ट्रक्टिव एंड कॉस्मेटिक गाइनोकॉलोजी विभाग ने स्त्री वरदान: चुप्पी तोड़ो नारीत्व से नाता जोड़ो कार्यक्रम की नींव रखी।

ऋषिकेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की पहल पर महिलाओं की गुप्त रोगों से जुड़ी जटिल समस्याओं को लेकर सम्मेलन का आयोजन किया गया। संस्थान के रिकंस्ट्रक्टिव एंड कॉस्मेटिक गाइनोकॉलोजी विभाग ने "स्त्री वरदान: चुप्पी तोड़ो नारीत्व से नाता जोड़ो" कार्यक्रम की नींव रखी। एम्स ऋषिकेश का उत्तराखंड से शुरू यह अभियान देश में अपनी तरह का विश्वस्तरीय अभियान है। सम्मेलन में उत्तराखंड के लगभग सभी जिलों से 50 से अधिक स्वयंसेवी महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

इस विज्ञापन में रुचि नहीं
यह विज्ञापन कई बार देखा
विज्ञापन में कवर सामग्री
विज्ञापन अनुचित था

Advertisement



Trending Now

कंटेनर और ट्रैक्टर के बीच जोरदार टक्कर, दो की मौत, तीन घायल (../../../state/strong-collision-between-container-and-tractor-two-killed-three-injured/20201105/411652)

Learn More
123 - The Happiest Man | Virtual Bharat by Virtual Bharat



इस अवसर पर उन्हें मुहिम को गांव-गांव-घर-घर तक पहुंचाने व राज्य की प्रत्येक महिलाओं को उनकी समस्याओं को लेकर जागरूक करने व ग्रसित महिलाओं को उपचार के लिए प्रेरित करने की शपथ भी दिलाई गई । एम्स निदेशक एवं सीईओ प्रो. रविकांत ने कहा कि यह सम्मेलन महिलाओं के गुप्त रोगों से जुड़ी समस्याओं के निदान की दिशा में पहला कदम है। इसका उद्देश्य भारत की हर महिला को ऐसी समस्याओं को लेकर जागरुक करना है। साथ ही उन महिलाओं को एम्स ऋषिकेश की सुपरस्पेशलिटी सेवाओं से लाभ दिलवाना है। प्रो. रविकांत ने कहा कि चूंकि एम्स उत्तराखंड में स्थापित है लिहाजा उनका पहला प्रण है कि राज्य के आखिरी गांव की आखिरी महिला तक इन स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ हर हाल में पहुंचाया जाए।

रिकंस्ट्रक्टिव और कॉस्मेटिक गाइनोकॉलोजी विभागाध्यक्ष डॉ. नवनीत मग्गो ने महिलाओं का आह्वान किया कि वह इस मुहिम से जुड़ें। स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों को नजरअंदाज मत करें। उन्होंने कहा कि हम सभी को यह संकल्प लेना होगा कि अगले पांच वर्ष के अंदर उत्तराखंड को यूरिनरी इनकांटीनेंस फ्री यानी यूरिनरी इनकांटीनेंस से मुक्त करना है। गौरतलब है कि एम्स का रिकंस्ट्रक्टिव और गाइनोकॉलोजी विभाग विश्व में अपनी तरह का पहला सुपरस्पेशलिटी विभाग है।

सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह दिनेश सेमवाल ने एम्स ऋषिकेश के डॉ. नवनीत मग्गो के इस अभियान की प्रशंसा की। इस अवसर पर चिकित्सक डॉ. मानवी, डॉ. नीति श्री, राष्ट्रीय सेविका संगठन की प्रांत कार्यवाहिनी की भावना त्यागी, सेवा भारती मात्रिमंडल की प्रांत संयोजक सुनीता भट्ट, क्षेत्रीय संयोजक पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र रीता गोयल, प्रांत समरष्ठा मंच प्रमुख अनुराधा सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुधा गुप्ता आदि मौजूद रहे।

यह खबर भी पढ़े: VIDEO: डबरा की सभा में फिसली सिंधिया की जुबान, कांग्रेस ने तंज कसते हुए कहा- जनता पंजे का ही बटन दबाएगी (https://www.sanjeevnitoday.com/madhya-pradesh/scindias-tongue-slipped-in-dabras-meeting-congress-tightened-and-said--the-public-will-press-the-claw-button/20201101/410884)

यह खबर भी पढ़े: ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जडेजा को टीम इंडिया में चुने जाने को लेकर संजय मांजरेकर ने उठाए सवाल, इस खिलाड़ी को बताया बेहतर विकल्प (https://www.sanjeevnitoday.com/sports/sanjay-manjrekar-raised-questions-about-jadeja-being-selected-in-team-india-on-australia-tour-told-this-player-a-better-option/20201101/410892)

ऐसी ही ताजा खबरों व अपडेट के लिए डाउनलोड करे संजीवनी टुडे एप (https://play.google.com/store/apps/details?id=com.sanjeevnitoday)

Fossil Rose Gold M
Diamond...

₹1,595
Brand Fossil
White Strap (
Gold Strap M
Stainless...
Brand Only

-12%
Get Exciting SetTop Bo
Tata Sky

Recommended

अर्नब गोस्वामी सहित तीन को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया (../../../national/three-including-arnab-goswami-sent-to-14day-judicial-custody/20201105/411665)

(../../../national/three-including-arnab-goswami-sent-to-14day-judicial-custody/20201105/411665)

बाइक सवार बदमाशों की गोली से सपा नेता की पत्नी घायल, इलाके में मची अफरा-तफरी (../../../crime/sp-leaders-wife-injured-by-bikeriding-miscreants-chaos-in-the-area/20201105/411664)

(../../../crime/sp-leaders-wife-injured-by-bikeriding-miscreants-chaos-in-the-area/20201105/411664)

US Presidential Election 2020: कांग्रेस के निचले सदन प्रतिनिधि सभा में डेमोक्रेट के चार भारतीय जीते